हरियाणा के हर ज़िला मुख्यालय में बनेगा आधुनिक पंचायत भवन

चर्चा में क्यों?

19 अगस्त, 2021 को हरियाणा के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने राज्य के प्रत्येक **ज़िला मुख्यालय** में '**आधुनिक पंचायत भवन**' बनाए जाने की घोषणा की।

प्रमुख बिंदु

- उपमुख्यमंत्री ने **लोक निर्माण (भवन एवं सड़क) विभाग** के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह घोषणा की।
- इस दौरान उन्होंने विभाग के प्रस्ताव पर चर्चा करते हुए 'भवन' के निर्माण के लिये नक्शे की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।
- दुष्यंत चौटाला ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक ज़िला मुख्यालय पर '**आधुनिक पंचायत भवन**' बनाया जाएगा, जिसमें ज़िला परिषद के अध्यक्ष व पार्षदों के लिये अलग-अलग कक्ष बनाए जाएंगे।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/modern-panchayat-bhawan-will-be-built-in-every-district-headquarters-of-haryana